GET IT ON Google Play

## Constable GD in CAPFs and SSF Rifleman GD in AR and Sepoy in NCB Examination 2025

| | |
|---|---|
| Exam Date | 05/02/2025 |
| Exam Time | 12:00 PM - 1:00 PM |
| Subject | Constable GD Examination 2025 |

Section : **Part-A-General Intelligence and Reasoning**

**Q.1** किसी निश्चित कूट भाषा में, 'WEDS' को '3' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'MAIUFQX' को '6' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'GIQRBZLA' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?

**Ans**
- ✔ 1. 7
- ✘ 2. 5
- ✘ 3. 8
- ✘ 4. 4


**Q.2** एक निश्चित कूट भाषा में,

'A + B' का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है',
'A – B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
'A × B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
'A ÷ B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'P + Q ÷ R × S – T' है, तो उपरोक्त के आधार पर, P का T से क्या संबंध है?

**Ans**
- ✘ 1. भाई की पत्नी की मां
- ✘ 2. पत्नी की मां
- ✔ 3. भाई की पत्नी की बहन
- ✘ 4. पत्नी की बहन

**Q.3** एक पासे के फलकों पर अक्षर C, L, A, U, T और E अंकित हैं। दी गई आकृतियों में एक ही पासे की दो स्थितियाँ दर्शाई गई हैं। कौन-सा फलक, फलक A के विपरीत है?




**Ans**
- ✘ 1. U
- ✘ 2. T
- ✘ 3. C
- ✔ 4. E

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

1,00,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

25,000+ Previous Year Papers

500% Refund


ATTEMPT FREE MOCK NOW


Adda247
GET IT ON Google Play


**Q.4** उस वेन आरेख का चयन कीजिए जो निम्नलिखित वर्गों के बीच के संबंध को सर्वोत्तम रूप से दर्शाता है।


विवाहित, महिलाएं, डॉक्टर

**Ans**

✗ 1. 

✓ 2. 

✗ 3. 

✗ 4. 

**Q.5** सात व्यक्ति A, B, C, D, E, F और G एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। G और C पंक्ति के छोरों पर बैठे हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में बैठे हों। F, G के ठीक दाईं ओर और D के ठीक बाईं ओर बैठा है। E, D के ठीक दाईं ओर बैठा है। A, E के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। B, C के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। B और C के बीच कौन बैठा है?

**Ans**

✗ 1. E

✗ 2. D

✓ 3. A

✗ 4. F

**Q.6** यदि शब्द SCRAMBLE के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

**Ans**

✓ 1. एक का भी नहीं


✗ 2. दो

✗ 3. तीन


✗ 4. एक


Adda247
GET IT ON Google Play


**Q.7** एक कागज को नीचे दर्शाए गए अनुसार मोड़कर पंच किया (punched) किया जाता है। खोले जाने पर यह कैसा दिखाई देगा?




**Ans**

✗ 1. 

✗ 2. 

✗ 3. 

✓ 4. 

**Q.8** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी कारें, खरगोश हैं।
सभी खरगोश, केले हैं।
सभी केले, लालटेन हैं।

निष्कर्ष:
(I): सभी कारें, लालटेन हैं।
(II): कुछ लालटेन, खरगोश हैं।

**Ans**

✗ 1. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

✗ 2. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

✗ 3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

✓ 4. दोनों निष्कर्ष (I) और (II) अनुसरण करते हैं।

**Q.9** अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

GID KMH OQL SUP ?

**Ans**

✗ 1. WYR

✗ 2. VXS

✗ 3. RWT

✓ 4. WYT

Adda247
GET IT ON Google Play

Q.10 (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

Ans
1. 904
2. 908
3. 906
4. 910

Q.11

Ans
1. VHQP
2. SENM
3. SEQP
4. VHNM


Q.12

Ans
1. 41
2. 33
3. 37
4. 29

Adda247


Adda247 GET IT ON Google Play


**Q.13** उस विकल्प आकृति का चयन कीजिए जिसमें दी गई आकृति (X) उसके भाग के रूप में निहित है (घूर्णन की अनुमति नहीं है)।





(X)

**Ans**

✗ 1. 

✗ 2. 

✗ 3. 

✓ 4. 

**Q.14** वह विकल्प चुनिए, जो ऐसे अक्षरों का प्रतिनिधित्व करता हो, जिन्हें नीचे के रिक्त स्थानों में क्रमानुसार बाएँ से दाएँ रखने पर ही अक्षर-श्रृंखला पूरी होगी।

A _ _ F D _ S G F _ A _ _ F D A S _ _ D

**Ans**

✓ 1. SGADSGGF

✗ 2. SGADGSDF

✗ 3. SGADGSGF

✗ 4. SGADAGGF

**Q.15** किसी निश्चित कूट भाषा में, 'MRGF' को '15-20-9-8' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है और 'YDXB' को '27-6-26-4' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'JWAS' के लिए कूट क्या होगा?

**Ans**

✗ 1. 16-28-6-24


✓ 2. 12-25-3-21

✗ 3. 11-23-2-22


✗ 4. 14-27-5-23


Adda247
GET IT ON Google Play


Q.16 विकल्पों में दी गई उस आकृति की पहचान कीजिए जिसे प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर रखने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।




Ans

1. 

✔ 2. 

3. 

4. 

Q.17 दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

83 95 108 122 137 ?

Ans
1. 148
2. 166
✔ 3. 153
4. 172

Q.18 आठ व्यक्ति दो समानांतर पंक्तियों में बैठे हैं जिनमें से प्रत्येक पंक्ति में 4 व्यक्ति इस प्रकार बैठे हैं कि आसन्न व्यक्तियों के बीच की दूरी समान है।
पंक्ति 1 में - L, M, N और O बैठे हैं और उन सभी का मुख दक्षिण की ओर है।
पंक्ति 2 में - P, Q, R और S बैठे हैं और उन सभी का मुख उत्तर की ओर है।
इस प्रकार, पहली पंक्ति के प्रत्येक व्यक्ति का मुख दूसरी पंक्ति के किसी अन्य व्यक्ति की ओर है। Q, S के ठीक दाईं ओर बैठा है। L और M के बीच में केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। S, L के सम्मुख बैठा है। N के सम्मुख बैठा व्यक्ति, P के ठीक बाईं ओर बैठा है। R पंक्ति के किसी भी छोर पर नहीं बैठा है।
निम्नलिखित में से कौन O के सम्मुख बैठा है?

Ans
1. S
2. R
✔ 3. Q
4. P

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.19 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर DKSO एक निश्चित प्रकार से CIPK से संबंधित है। LAPZ ठीक उसी प्रकार KYMV से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए EYGN दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

Ans
1. BVDK ✗
2. CVCI ✗
3. BWDK ✗
4. DWDJ ✓

Q.20 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। वह कौन-सा अक्षर-समूह है जो उस समूह से संबंधित नहीं है?

(ध्यान दें: असंगत अक्षर-समूह, उस अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. KON ✓
2. MQO ✗
3. GKI ✗
4. SWU ✗

Section : **Part-B-General Knowledge and General awareness**

Q.1 हरित क्रांति के दौरान कौन-सी नई कृषि पद्धति शुरू की गई थी?

Ans
1. पारंपरिक बीजों का उपयोग ✗
2. जैविक खेती की विधियाँ ✗
3. आधुनिक सिंचाई तकनीकों का उपयोग ✓
4. पशु श्रम पर निर्भरता ✗

Q.2 गुजरात के कच्छ में रण उत्सव किस माह में शुरू होता है?

Ans
1. नवंबर ✓
2. अप्रैल ✗
3. फरवरी ✗
4. मई ✗

Q.3 2011 की जनगणना के अनुसार किस राज्य में पुरुष एवं महिला साक्षरता दर में अंतर सबसे अधिक है?

Ans
1. झारखंड ✗
2. मध्य प्रदेश ✗
3. राजस्थान ✓
4. बिहार ✗

Q.4 प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अक्टूबर 2024 में संधारणीय कृषि को बढ़ावा देने और आत्मनिर्भरता के लिए खाद्य सुरक्षा हासिल करने के लिए किस योजना को स्वीकृति दी?

Ans
1. तिलहन और पाम ऑयल पर राष्ट्रीय मिशन ✗
2. पीएम राष्ट्रीय कृषि विकास योजना ✓
3. राष्ट्रीय कृषि विस्तार एवं प्रौद्योगिकी मिशन ✗
4. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन ✗

Q.5 जनगणना 2011 के अनुसार, निम्नलिखित में से किस उत्तरी राज्य की साक्षरता दर सबसे अधिक है?

Ans
1. पंजाब ✗
2. हरियाणा ✗
3. उत्तराखंड ✗
4. हिमाचल प्रदेश ✓

Adda247

Q.6 जल में निलम्बित ठोस पदार्थों की बढ़ी हुई सांद्रता तथा उनका तली पर जमा होना, जहां वे अवांछनीय होते हैं, किस प्रकार का जल प्रदूषण उत्पन्न करता है?

Ans
✗ 1. पोषक तत्व प्रदूषण (Nutrient pollution)
✓ 2. गादन (Siltation)
✗ 3. सूक्ष्मजीवीय प्रदूषण (Microbiological pollution)
✗ 4. तापीय प्रदूषण (Thermal pollution)

Q.7 भारत सरकार अधिनियम, 1935 ने संघ (केन्द्रीय सरकार) और प्रांतों के बीच शक्तियों के विभाजन की कितनी सूचियाँ प्रदान कीं?

Ans
✗ 1. एक सूची
✗ 2. दो सूचियाँ
✓ 3. तीन सूचियाँ
✗ 4. चार सूचियाँ

Q.8 भारत में प्रमुख फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) के संबंध में 2018-19 के केंद्रीय बजट में कौन-सा पूर्व निर्धारित सिद्धांत घोषित किया गया था?

Ans
✗ 1. उत्पादन लागत का दोगुना
✓ 2. उत्पादन लागत का डेढ़ गुना
✗ 3. उत्पादन लागत से 50 प्रतिशत कम
✗ 4. उत्पादन लागत के बराबर

Q.9 भारत का महान्यायवादी _________ को कानूनी सलाह प्रदान करता है।

Ans
✗ 1. राज्य के राज्यपाल
✗ 2. राज्य के मुख्यमंत्री
✗ 3. भारत के मुख्य न्यायाधीश
✓ 4. संघ सरकार

Q.10 अंतरराष्ट्रीय हॉकी मैच में मैदान की मानक चौड़ाई कितनी होती है?

Ans
✗ 1. 45 m
✗ 2. 60 m
✗ 3. 50 m
✓ 4. 55 m

Q.11 विष्णु पुराण के अनुसार, चंद्रगुप्त मौर्य की माता कौन थी?

Ans
✗ 1. नंद राजा की पत्नी
✓ 2. मुरा, एक शिकारी की पुत्री
✗ 3. एक यूनानी कुलीन महिला
✗ 4. सुभद्रांगी, एक ब्राह्मण की पुत्री

Q.12 "टाइम्ड आउट (Timed Out") नियम किस खेल में लागू होता है?

Ans
✗ 1. बैडमिंटन
✗ 2. कुश्ती
✗ 3. जूडो
✓ 4. क्रिकेट

Q.13 कृष्णा जिले के कुचेलापुरम गांव में किस शास्त्रीय नृत्य शैली की उत्पत्ति हुई?

Ans
✓ 1. कुचिपुड़ी
✗ 2. कथकली
✗ 3. कथक
✗ 4. मोहिनीअट्टम

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.14 पद्म श्री मुकुंद नायक को निम्नलिखित में से किस श्रेणी के लिए संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार 2017 से सम्मानित किया गया था?

Ans
1. कव्वाली ✗
2. कर्नाटक संगीत ✗
3. लोक संगीत ✓
4. हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत ✗

Q.15 भारत में प्रथम पंचवर्षीय योजना कब शुरू की गई थी?

Ans
1. 1951 ✓
2. 1950 ✗
3. 1956 ✗
4. 1947 ✗

Q.16 निम्नलिखित में से क्या सामान्यतः नदी के ऊपरी भाग में बनता है?

Ans
1. बाढ़प्रवण क्षेत्र (Floodplains) ✗
2. गोखुर झील (Oxbow lake) ✗
3. तंग घाटी (Gorges) ✓
4. विसर्प (Meanders) ✗

Q.17 भारत की राष्ट्रपति, द्रौपदी मुर्मू पहले ____________ की राज्यपाल थीं।

Ans
1. असम ✗
2. झारखंड ✓
3. उत्तर प्रदेश ✗
4. ओडिशा ✗

Q.18 भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के किस अधिवेशन के दौरान भारत छोड़ो प्रस्ताव पारित किया गया था?

Ans
1. कलकत्ता अधिवेशन (Calcutta Session) ✗
2. कराची अधिवेशन (Karachi Session) ✗
3. लाहौर अधिवेशन (Lahore Session) ✗
4. बम्बई अधिवेशन (Bombay Session) ✓

Q.19 विलेब्रोर्ड स्नेल (Willebrod Snell) का कौन-सा नियम विज्ञान में सबसे महत्वपूर्ण योगदान है?

Ans
1. गति का नियम ✗
2. अपवर्तन का नियम ✓
3. श्यानता का नियम ✗
4. विद्युत-अपघट्य का नियम ✗

Q.20 रायगढ़ दरबार के एकमात्र जीवित 87-वर्षीय कथक नर्तक रामलाल बरेठ (Ramlal Bareth) को 2024 में निम्नलिखित में से किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

Ans
1. पद्म श्री ✓
2. पद्म विभूषण ✗
3. पद्म भूषण ✗
4. साहित्य अकादमी पुरस्कार ✗

Section : **Part-C-Elementary Mathematics**

**Q.1** 170 m और 480 m लंबाई वाली दो रेलगाड़ियाँ एक ही दिशा में क्रमशः 70 km/h और 80 km/h की चाल से गतिमान हैं। पीछे से आ रही तेज चाल वाली रेलगाड़ी द्वारा दूसरी रेलगाड़ी को पूरी तरह से पार करने में कितना समय (मिनटों में) लगेगा?

**Ans**
- ✗ 1. 4
- ✗ 2. 4.2
- ✗ 3. 5
- ✓ 4. 3.9

**Q.2** मनोज के पास ₹1612 हैं। उसने इसे अपने पुत्रों आनंद और अनिल के बीच बांट दिया तथा उन्हें इसे वार्षिक रूप से चक्रवृद्धि होने वाली 8% ब्याज दर पर निवेश करने को कहा। यह देखा गया कि आनंद और अनिल को क्रमशः 13 और 14 वर्ष बाद समान धनराशि प्राप्त हुई। मनोज ने आनंद को कितनी धनराशि (₹ में) दी थी?

**Ans**
- ✗ 1. 687
- ✓ 2. 837
- ✗ 3. 775
- ✗ 4. 875

**Q.3** मूल्यांकन कीजिए : 32 ÷ 8 × 3 - 3 × 3

**Ans**
- ✗ 1. 6
- ✗ 2. 2
- ✓ 3. 3
- ✗ 4. 5

**Q.4** एक शर्ट की कीमत में पहले 15% की वृद्धि हुई और फिर 12% की कमी हुई, और एक बार फिर 8% की वृद्धि हुई। शर्ट की कीमत में निवल वृद्धि या कमी प्रतिशत (दशमलव के एक स्थान तक सही) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 9.3% की कमी
- ✗ 2. 10.6% की वृद्धि
- ✓ 3. 9.3% की वृद्धि
- ✗ 4. 10.6% की कमी

**Q.5** दो स्टेशन A और B एक-दूसरे से 370 km की दूरी पर हैं। एक ट्रेन स्टेशन A से 9:00 A.M. पर चलती है तथा स्टेशन B की ओर 20 km/hr की चाल से यात्रा करती है। दूसरी ट्रेन स्टेशन B से 10:00 A.M. पर चलती है और स्टेशन A की ओर 50 km/hr की चाल से यात्रा करती है। वे किस समय पर एक-दूसरे से मिलती हैं?

**Ans**
- ✗ 1. 2:00 P.M.
- ✗ 2. 2:30 P.M.
- ✗ 3. 1:00 P.M.
- ✓ 4. 3:00 P.M.

**Q.6** एक समूह में 30 विद्यार्थियों की औसत आयु 18 वर्ष है। जब शिक्षक की आयु शामिल की जाती है, तो समूह की औसत आयु 1 वर्ष बढ़ जाती है। शिक्षक की आयु (वर्ष में) कितनी है?

**Ans**
- ✗ 1. 56
- ✗ 2. 40
- ✓ 3. 49
- ✗ 4. 45

Adda247

Q.7 यदि F1 और F2 क्रमशः $\frac{2}{7}, \frac{7}{12}, 8$ तथा $\frac{5}{6}, \frac{4}{3}, 10$ के चतुर्थानुपाती हैं, तो F1 : F2 का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 16 : 9
2. 49 : 16
3. 25 : 16
4. 49 : 48 ✔

Q.8 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$\left[(91 \div 7) \times \left\{\frac{64}{4} + \frac{17}{6} \times (8-2)\right\}\right]$$

Ans
1. 447
2. 434
3. 429 ✔
4. 432

Q.9 किसी निश्चित कार्य को करने के लिए, A और B बारी-बारी से एक-एक दिन छोड़कर कार्य करते हैं, जिसमें B पहले दिन कार्य करना शुरू करता है। A अकेले उस कार्य को 22 दिनों में पूरा कर सकता है। यदि कार्य $11\frac{1}{2}$ दिनों में पूरा हो जाता है, तो B अकेले मूल कार्य का $\frac{3}{4}$ भाग कितने दिनों में पूरा करेगा?

Ans
1. नौ दिन
2. आठ दिन
3. सात दिन
4. छह दिन ✔

Q.10 ₹4,800 को राम, श्याम और कार्तिक के बीच 4 : 8 : 3 के अनुपात में बाँटें। श्याम को मिलने वाली राशि ज्ञात कीजिए।

Ans
1. ₹1,680
2. ₹2,270
3. ₹2,560 ✔
4. ₹1,850

Q.11 किसी जिले की जनसंख्या 369000 है, जिसमें 186000 पुरुष हैं। 45% जनसंख्या साक्षर है। यदि 45% पुरुष साक्षर हैं, तो साक्षर महिलाओं का प्रतिशत कितना होगा?

Ans
1. 45% ✔
2. 47%
3. 46%
4. 44%

Q.12 एक व्यापारी क्रय मूल्य से 20% अधिक मूल्य अंकित करता है तथा 20% की छूट देता है। लाभ या हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 1% का लाभ
2. 4% की हानि ✔
3. 4% का लाभ
4. 1% की हानि

Adda247
GET IT ON Google Play

Q.13 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$\left[(44 \div 4) \times \left\{\frac{48}{8} + \frac{21}{5} \times (7 - 2)\right\}\right]$$

Ans
1. 299
2. 296
3. 313
4. 297 ✔

Q.14 दो संख्याओं का LCM और HCF क्रमशः 168 और 6 है। यदि उनमें से एक संख्या 24 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 42 ✔
2. 45
3. 44
4. 40

Q.15 यदि घनाभ की लंबाई दोगुनी, ऊंचाई आधी तथा चौड़ाई तिगुनी कर दी जाए तो इसका आयतन (V) कितना हो जाएगा?

Ans
1. 6V
2. 4V
3. 3V ✔
4. 2V

Q.16 वार्षिक साधारण ब्याज की समान दर पर अमित ₹5400 की राशि का निवेश करता है और गोपाल ₹9400 की राशि का निवेश करता है। यदि 6 वर्ष के अंत में, गोपाल को अमित से ₹960 अधिक ब्याज प्राप्त होता है, तो वार्षिक ब्याज की दर (प्रतिशत में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 4 ✔
2. 3
3. 6
4. 2

Q.17 एक बेईमान दुकानदार अपने सामान को क्रय मूल्य पर बेचने का दावा करता है। हालाँकि, वह एक ऐसे बाट का उपयोग करता है जिसका वजन वास्तव में उस पर लिखे वजन से 21% कम है। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. $27\frac{47}{79}\%$
2. $26\frac{46}{79}\%$ ✔
3. $28\frac{92}{79}\%$
4. $25\frac{46}{79}\%$

Q.18 महेश के पास ₹1617 हैं। उसने इसे अपने पुत्रों विजय और अजय के बीच बांट दिया तथा उन्हें इसे वार्षिक रूप से चक्रवृद्धि होने वाले 10% ब्याज दर पर निवेश करने को कहा। यह देखा गया कि विजय और अजय को क्रमशः 15 और 16 वर्ष बाद समान धनराशि प्राप्त हुई। महेश ने विजय को कितनी धनराशि (₹ में) दी थी?

Ans
1. 847 ✔
2. 770
3. 870
4. 697

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.19** अनवर, अमित और गोपाल का औसत वज़न 45 kg है। यदि अनवर और अमित का औसत वज़न 43 kg है और अमित और गोपाल का औसत वज़न 42 kg है, तो अमित का वज़न (kg में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 55
- ✗ 2. 45
- ✗ 3. 50
- ✓ 4. 35

**Q.20** एक दुकानदार ने ₹500 में एक वस्तु खरीदी। 28% लाभ प्राप्त करने के लिए उसे वस्तु को किस मूल्य (₹ में) पर बेचना चाहिए?

**Ans**
- ✗ 1. 628
- ✗ 2. 652
- ✓ 3. 640
- ✗ 4. 360

## Section : Part-D-English

**Q.1** Identify the INCORRECTLY spelt word in the given sentence.

The report was filled with spurious data and ambigous conclusions, making it untenable to rely on.

**Ans**
- ✗ 1. conclusions
- ✗ 2. spurious
- ✗ 3. untenable
- ✓ 4. ambigous

**Q.2** Select the most appropriate word segment that rectifies the bracketed word segment and complete the given sentence meaningfully.

It took quite (few some time) to finish the project.

**Ans**
- ✓ 1. some time
- ✗ 2. time
- ✗ 3. some a time
- ✗ 4. a time some

**Q.3** Select the most appropriate synonym of the highlighted word.

You need to have at least a rudimentary understanding of technology before you can upload a video on website.

**Ans**
- ✓ 1. primitive
- ✗ 2. mysterious
- ✗ 3. exquisite
- ✗ 4. creative

**Q.4** Select the INCORRECTLY spelt word in the following sentence.
"I can't believe I recieved such a beautiful gift."

**Ans**
- ✗ 1. believe
- ✓ 2. recieved
- ✗ 3. gift
- ✗ 4. such

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.5** Select the most appropriate idiom to substitute the underlined phrase in the given sentence.

When it comes to negotiations, he knows how to <u>act in a way that maximises his advantages</u> and get the best deal.

**Ans**
✔ 1. play his cards right
✗ 2. play it by air
✗ 3. play it safe
✗ 4. play it by the ear

**Q.6** Fill in the blank with the most appropriate synonym of the word in brackets in the following sentence.

In that case, a gentle chemical peel from a dermatologist may ________ up (hasten) improvement.

**Ans**
✗ 1. stall
✗ 2. delay
✗ 3. loiter
✔ 4. speed

**Q.7** Select the option that best defines the given word.

Apportion

**Ans**
✗ 1. To confess
✔ 2. To allocate
✗ 3. To request
✗ 4. To complicate

**Q.8** Select the most appropriate idiom that can substitute the underlined segment in the given sentence.

Her explanation was so convoluted that it left everyone <u>confused</u>.

**Ans**
✔ 1. scratching their heads
✗ 2. turning a blind eye
✗ 3. stealing the show
✗ 4. biting the bullet

**Q.9** Parts of the following sentence have been given as options. Select the option that contains an error.

'The rain fell heavy and caused flooding in the streets'.

**Ans**
✗ 1. and caused flooding
✔ 2. fell heavy
✗ 3. in the streets
✗ 4. The rain

**Q.10** Identify the sentence with the INCORRECT usage of adverb.

**Ans**
✗ 1. Mohan could usually make out the distant figure.
✗ 2. Mohan could often make out the distant figure.
✔ 3. Mohan could make out barely the distant figure.
✗ 4. Mohan could barely make out the distant figure.

Adda247

Q.11 Select the appropriate ANTONYM of the given word.

Opaque

Ans
1. Transparent ✔
2. Dark ✘
3. Cloudy ✘
4. Dull ✘

Q.12 Select the most appropriate synonym of the given word.

Dodge

Ans
1. Display ✘
2. Opine ✘
3. Panic ✘
4. Trick ✔

Q.13 Select the word that best completes the given sentence. Determine the collocation through the sentence.

Santra took a deep breath before ____________ onto the stage to deliver her speech.

Ans
1. stepping ✔
2. made ✘
3. hit ✘
4. stuck ✘

Q.14 Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment in the given sentence.

Each of the two farmers wants the certified seeds <u>but neither have any papers</u>.

Ans
1. But neither has any papers ✔
2. Yet none has many papers ✘
3. But either has any papers ✘
4. Yet neither has many papers ✘

Q.15 Select the most appropriate idiom that refers to the underlined segment in the given sentence.
The agents are <u>struck in a difficult circumstance with no escape at all</u>.

Ans
1. To give currency ✘
2. To go to the dogs ✘
3. Back against the wall ✔
4. To give one a long rope ✘

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Sarah and Tom love to go to the park (1) _____ weekends. Last Sunday, they (2) _______ a picnic basket with sandwiches, fruit, and juice. They (3) _______ a blanket to sit on and a frisbee to play with.
As soon as (4) _________ at the park, Sarah spread the blanket on the green grass. They enjoyed their sandwiches and had juicy oranges. After eating, (5) ________ to play with the frisbee.

SubQuestion No : 16

Q.16 Select the most appropriate option to fill in blank no. 1.

Ans
1. in ✘
2. before ✘
3. during ✘
4. on ✔

Adda247 GET IT ON Google Play

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Sarah and Tom love to go to the park (1) ____ weekends. Last Sunday, they (2) ______ a picnic basket with sandwiches, fruit, and juice. They (3) ______ a blanket to sit on and a frisbee to play with.
As soon as (4) ________ at the park, Sarah spread the blanket on the green grass. They enjoyed their sandwiches and had juicy oranges. After eating, (5) _______ to play with the frisbee.

**SubQuestion No : 17**

**Q.17 Select the most appropriate option to fill in blank no. 2.**

**Ans**

✗ 1. gathered

✓ 2. arranged

✗ 3. packed

✗ 4. accumulated

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Sarah and Tom love to go to the park (1) ____ weekends. Last Sunday, they (2) ______ a picnic basket with sandwiches, fruit, and juice. They (3) ______ a blanket to sit on and a frisbee to play with.
As soon as (4) ________ at the park, Sarah spread the blanket on the green grass. They enjoyed their sandwiches and had juicy oranges. After eating, (5) _______ to play with the frisbee.

**SubQuestion No : 18**

**Q.18 Select the most appropriate option to fill in blank no. 3.**

**Ans**

✗ 1. arrange

✗ 2. manage

✗ 3. buy

✓ 4. brought

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Sarah and Tom love to go to the park (1) ____ weekends. Last Sunday, they (2) ______ a picnic basket with sandwiches, fruit, and juice. They (3) ______ a blanket to sit on and a frisbee to play with.
As soon as (4) ________ at the park, Sarah spread the blanket on the green grass. They enjoyed their sandwiches and had juicy oranges. After eating, (5) _______ to play with the frisbee.

**SubQuestion No : 19**

**Q.19 Select the most appropriate option to fill in blank no. 4.**

**Ans**

✗ 1. they arrive

✗ 2. they was arrive

✓ 3. they arrived

✗ 4. they had arrive

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Sarah and Tom love to go to the park (1) ____ weekends. Last Sunday, they (2) _______ a picnic basket with sandwiches, fruit, and juice. They (3) _______ a blanket to sit on and a frisbee to play with.
As soon as (4) _______ at the park, Sarah spread the blanket on the green grass. They enjoyed their sandwiches and had juicy oranges. After eating, (5) ________ to play with the frisbee.

**SubQuestion No : 20**

**Q.20** **Select the most appropriate option to fill in blank no. 5.**

**Ans**
✗ 1. they all decide
✗ 2. everyone decide
✗ 3. they had decide
✓ 4. they decided

Section : **Part-D-Hindi**

**Q.1** **निम्नलिखित वाक्य को ध्यानपूर्वक पढ़ें और वाक्य में प्रयुक्त त्रुटिपूर्ण शब्द की पहचान करें।**

**कहानी हमारे व्यक्तित्व को एक दर्पण की भांति हमारे सामने प्रेशित करती है**

**Ans**
✓ 1. प्रेशित
✗ 2. कहानी
✗ 3. व्यक्तित्व
✗ 4. दर्पण

**Q.2** **'मुझे आये इतनी देर हो गयी, अब तक ___________|'**

**उपरोक्त वाक्य पूर्ण करने के लिए उचित सार्थक और निरर्थक शब्द-युग्म वाले विकल्प का चयन करें-**

**Ans**
✗ 1. किसी ने चाय-बिस्कुट तक नहीं मिला|
✓ 2. किसी ने चाय-वाय भी नहीं पूछा|
✗ 3. किसी ने दाना-पानी भी नहीं पूछा|
✗ 4. किसी ने पानी-शरबत भी नहीं दिया|

**Q.3** **दिए गए वाक्य में त्रुटि पहचानें । दूध में थोड़ा पड़ गया है ।**

**Ans**
✗ 1. गया
✗ 2. दूध
✓ 3. थोड़ा
✗ 4. पड़

**Q.4** **'माली ने पौधों को <u>पानी देने से</u> मना कर दिया।'**

**सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर वाक्य के रेखांकित अंश को बदलें-**

**Ans**
✓ 1. सींचने
✗ 2. पानी उड़ेलने
✗ 3. पानी गिरना
✗ 4. भिगोने

**Q.5** **'अपने को धोखा देने वाला' वाक्यांश के लिए इनमें से उपयुक्त शब्द कौन-सा है?**

**Ans**
✗ 1. आत्मवादी
✓ 2. आत्मवंचक
✗ 3. आत्मश्लाघा
✗ 4. आत्मपीड़क

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.6 कौन-सा शब्द 'वसंत' का विलोम है ?

Ans
- ✗ 1. मुखर
- ✗ 2. पुरस्कार
- ✓ 3. पतझर
- ✗ 4. साकार

Q.7 'मेरी किताब मेरी मित्र प्रिया के पास है ।' वाक्य में प्रयुक्त कौन सा शब्द विदेशज है ?

Ans
- ✗ 1. पास
- ✗ 2. मित्र
- ✓ 3. किताब
- ✗ 4. प्रिया

Q.8 'अपने स्थान पर अचल रहने वाला' वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द इनमें से कौन-सा है?

Ans
- ✗ 1. मंगल
- ✗ 2. शुक्र
- ✓ 3. ध्रुव
- ✗ 4. बुध

Q.9 निम्नांकित मुहावरे के रिक्त स्थान के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द कौन-सा है?

अपनी खिचड़ी अलग ______ ।

Ans
- ✓ 1. पकाना
- ✗ 2. खाना
- ✗ 3. पीना
- ✗ 4. बनाना

Q.10 ईश्वर में विश्वास न रखने वालो को समाज नास्तिक कहता है। वाक्य में प्रयुक्त नास्तिक का विलोमार्थी शब्द है।

Ans
- ✗ 1. नास्तिक
- ✗ 2. अनासक्त
- ✗ 3. विश्वासपात्र
- ✓ 4. आस्तिक

Q.11 'मैं बीमार हूँ, इसलिए कार्यालय नहीं जा सकता |' निम्नलिखित विकल्पों में से इस वाक्य के लिए कौन सा एक उचित सरल वाक्य होगा?

Ans
- ✗ 1. मैं बीमार था इसलिए कार्यालय नहीं जा सका|
- ✗ 2. मैं कार्यालय नहीं जा सका बीमारी के कारण |
- ✓ 3. बीमार होने के कारण मैं कार्यालय नहीं जा सका|
- ✗ 4. मैं नहीं जा सका बीमारी होने के कारण |

Q.12 वाक्य के रेखांकित शब्दों के आधार पर बताइए कि किस विकल्प में पुल्लिंग शब्द का प्रयोग नहीं हुआ है-

Ans
- ✓ 1. राजा-रजवाड़े <u>चाँदी</u> के बर्तनों में खाना खाते थे।
- ✗ 2. पुराने <u>पीपल</u> के पेड़ पर चुड़ैल रहती है यह अच्छा मज़ाक है।
- ✗ 3. मेरी <u>मोती</u> की माला टूट गई।
- ✗ 4. <u>तिल</u> का तेल स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है।

Q.13 'परलोक' का विलोम शब्द है-

Ans
- ✗ 1. पारलौकिक
- ✗ 2. अलौकिक
- ✓ 3. इहलोक
- ✗ 4. सांसारिक

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.14 'समतल' के लिए उपयुक्त विलोम शब्द है-

Ans
1. समान
2. ढाल
3. धरती
4. सीधा

Q.15 **निम्नलिखित वाक्य में वर्तनी संबंधी त्रुटि की पहचान कर शुद्ध वाक्य का चयन करें?**

**गर्मी में हम शिमला घुमने जाएंगे।**

Ans
1. गर्मि में हम शिमला घूमने जाएंगे।
2. गमी मे हम शिमला घूमने जाएगे।
3. गर्मी में हम शिमला पर घुमने जाएं।
4. गर्मियों में हम शिमला घूमने जाएंगे।

**Comprehension:**

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

हमारा यह ___1___ नौसिखुआ नहीं है उसके ज्ञान-विज्ञान का ___1___ विशाल है। उसके खोहों और भग्नावशेष में प्रेरणा का समुद्र लहरा रहा है। यह हमारा परम सौभाग्य है की जड़ तत्वों के इतने ___2___ हमारी साधना के लिए देश के ___2___ में बिखरे पड़े हैं। अन्य किसी भी देश को शायद ही इतनी परिपूर्ण साधन-सामग्री प्राप्त हो। यदि हम ___3___के साथ इस संपूर्ण सामग्री का उपयोग ___3___ के लिए करें, तभी कल्याण है। केवल इन सामग्रियों को ही लक्ष्य मान लेना गलती है। इनके ___4___ से सिद्धि नहीं मिलेगी,यद्यपि इनकी सूक्ष्म और ___4___जानकारी परम आवश्यक है । प्राचीनता का अध्ययन ___5___ है। उसमें पग-पग पर सावधानी की आवश्यकता है, प्रतिक्षण अपने लक्ष्य को याद रखने की आवश्यकता है और सदा-सर्वदा कठोर ___5___ साहस का होना जरूरी है।

**SubQuestion No : 16**

Q.16 **हमारा यह ___1___ नौसिखुआ नहीं है उसके ज्ञान-विज्ञान का ___1___ विशाल है| उसके खोहों और भगनावशेषों में प्रेरणा का समुद्र लहरा रहा है| प्रस्तुत अप्रत्यक्ष गद्य लेखन के आधार पर निम्नलिखित वाक्य में रिक्त स्थान 1 में उचित शब्दों का प्रयोग कीजिए**

Ans
1. देश/ इतिहास
2. भारत/अकारण
3. नियति/दशा
4. विश्व/नाटक

Adda247

**Comprehension:**

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

हमारा यह ___1___ नौसिखुआ नहीं है उसके ज्ञान-विज्ञान का ___1___ विशाल है। उसके खोहों और भग्नावशेष में प्रेरणा का समुद्र लहरा रहा है। यह हमारा परम सौभाग्य है की जड़ तत्वों के इतने ___2___ हमारी साधना के लिए देश के ___2___ में बिखरे पड़े हैं। अन्य किसी भी देश को शायद ही इतनी परिपूर्ण साधन-सामग्री प्राप्त हो। यदि हम ___3___के साथ इस संपूर्ण सामग्री का उपयोग ___3___ के लिए करें, तभी कल्याण है। केवल इन सामग्रियों को ही लक्ष्य मान लेना गलती है। इनके ___4___ से सिद्धि नहीं मिलेगी,यद्यपि इनकी सूक्ष्म और ___4___जानकारी परम आवश्यक है । प्राचीनता का अध्ययन ___5___ है। उसमें पग-पग पर सावधानी की आवश्यकता है, प्रतिक्षण अपने लक्ष्य को याद रखने की आवश्यकता है और सदा-सर्वदा कठोर ___5___ साहस का होना जरूरी है।

**SubQuestion No : 17**

Q.17 **यह हमारा परम सौभाग्य है की जड़ तत्वों के इतने ___2___ हमारी साधना के लिए देश के ___2___में बिखरे पड़े हैं| अन्य किसी भी देश को शायद ही इतनी परिपूर्ण साधन-सामग्री प्राप्त हो | प्रस्तुत अप्रत्यक्ष गद्य लेखन के आधार पर निम्नलिखित वाक्य में रिक्त स्थान 2 में उचित शब्दों का प्रयोग कीजिए**

Ans
1. परिपूर्णसंघात/कोने-कोने
2. आलोचना/सम्भावना
3. उम्मीद/स्वास्थ्य
4. क्रूर/आसपास

**Comprehension:**
निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

हमारा यह ___1___ नौसिखुआ नहीं है उसके ज्ञान-विज्ञान का ___1___ विशाल है। उसके खोहों और भग्नावशेष में प्रेरणा का समुद्र लहरा रहा है। यह हमारा परम सौभाग्य है की जड़ तत्वों के इतने ___2___ हमारी साधना के लिए देश के ___2___ में बिखरे पड़े हैं। अन्य किसी भी देश को शायद ही इतनी परिपूर्ण साधन-सामग्री प्राप्त हो। यदि हम ___3___ के साथ इस संपूर्ण सामग्री का उपयोग ___3___ के लिए करें, तभी कल्याण है। केवल इन सामग्रियों को ही लक्ष्य मान लेना गलती है। इनके ___4___ से सिद्धि नहीं मिलेगी,यद्यपि इनकी सूक्ष्म और ___4___जानकारी परम आवश्यक है । प्राचीनता का अध्ययन ___5___ है। उसमें पग-पग पर सावधानी की आवश्यकता है, प्रतिक्षण अपने लक्ष्य को याद रखने की आवश्यकता है और सदा-सर्वदा कठोर ___5___ साहस का होना जरूरी है।

**SubQuestion No : 18**

**Q.18** **यदि हम ___3___ के साथ इस संपूर्ण सामग्री का उपयोग ___3___ के लिए करें, तभी कल्याण है| प्रस्तुत अप्रत्यक्ष गद्य लेखन के आधार पर निम्नलिखित वाक्य में रिक्त स्थान 3 में उचित शब्दों का प्रयोग कीजिए**

**Ans**
- ✔ 1. निष्ठा और प्रेम/ भविष्य-निर्माण
- ✘ 2. श्रद्धा और भक्ति/प्रेम
- ✘ 3. करुणा/दया
- ✘ 4. असहज/संकुचित

**Comprehension:**
निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

हमारा यह ___1___ नौसिखुआ नहीं है उसके ज्ञान-विज्ञान का ___1___ विशाल है। उसके खोहों और भग्नावशेष में प्रेरणा का समुद्र लहरा रहा है। यह हमारा परम सौभाग्य है की जड़ तत्वों के इतने ___2___ हमारी साधना के लिए देश के ___2___ में बिखरे पड़े हैं। अन्य किसी भी देश को शायद ही इतनी परिपूर्ण साधन-सामग्री प्राप्त हो। यदि हम ___3___ के साथ इस संपूर्ण सामग्री का उपयोग ___3___ के लिए करें, तभी कल्याण है। केवल इन सामग्रियों को ही लक्ष्य मान लेना गलती है। इनके ___4___ से सिद्धि नहीं मिलेगी,यद्यपि इनकी सूक्ष्म और ___4___जानकारी परम आवश्यक है । प्राचीनता का अध्ययन ___5___ है। उसमें पग-पग पर सावधानी की आवश्यकता है, प्रतिक्षण अपने लक्ष्य को याद रखने की आवश्यकता है और सदा-सर्वदा कठोर ___5___ साहस का होना जरूरी है।

**SubQuestion No : 19**

**Q.19** **सामग्रियों को ही लक्ष्य मान लेना गलती है| इनके ___4___ से सिद्धि नहीं मिलेगी,यद्यपि इनकी सूक्ष्म और ___4___ जानकारी परम आवश्यक है | प्रस्तुत अप्रत्यक्ष गद्य लेखन के आधार पर निम्नलिखित वाक्य में रिक्त स्थान 4 में उचित शब्दों का प्रयोग कीजिए**

**Ans**
- ✘ 1. यहाँ/जहाँ
- ✔ 2. ज्ञान-मात्र/ ठीक-ठीक
- ✘ 3. जैसा/निराला
- ✘ 4. कृपा/प्रतिभावान

**Comprehension:**
निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

हमारा यह ___1___ नौसिखुआ नहीं है उसके ज्ञान-विज्ञान का ___1___ विशाल है। उसके खोहों और भग्नावशेष में प्रेरणा का समुद्र लहरा रहा है। यह हमारा परम सौभाग्य है की जड़ तत्वों के इतने ___2___ हमारी साधना के लिए देश के ___2___ में बिखरे पड़े हैं। अन्य किसी भी देश को शायद ही इतनी परिपूर्ण साधन-सामग्री प्राप्त हो। यदि हम ___3___ के साथ इस संपूर्ण सामग्री का उपयोग ___3___ के लिए करें, तभी कल्याण है। केवल इन सामग्रियों को ही लक्ष्य मान लेना गलती है। इनके ___4___ से सिद्धि नहीं मिलेगी,यद्यपि इनकी सूक्ष्म और ___4___जानकारी परम आवश्यक है । प्राचीनता का अध्ययन ___5___ है। उसमें पग-पग पर सावधानी की आवश्यकता है, प्रतिक्षण अपने लक्ष्य को याद रखने की आवश्यकता है और सदा-सर्वदा कठोर ___5___ साहस का होना जरूरी है।

**SubQuestion No : 20**

**Q.20** **प्राचीनता का अध्ययन ___5___ है| उसमें पग-पग पर सावधानी की आवश्यकता है, प्रतिक्षण अपने लक्ष्य को याद रखने की आवश्यकता है और सदा-सर्वदा कठोर ___5___ साहस का होना जरूरी है| प्रस्तुत अप्रत्यक्ष गद्य लेखन के आधार पर निम्नलिखित वाक्य में रिक्त स्थान 5 में उचित शब्दों का प्रयोग कीजिए**

**Ans**
- ✘ 1. किसने/महान
- ✘ 2. प्रकाशवान/सरल
- ✘ 3. उम्मीद की किरण/जगराता
- ✔ 4. उत्तम शव-साधना/ संयम और अपार

Adda247